तापमान

अधिकतम 27.9 डिग्री
न्यूनतम 7.2 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, बुधवार 11 फरवरी 2026



12 गम का खजाना तेरा भी है, मेरा भी... सुनकर..





12 टीम वर्क व विषयों की गहरी समझ के कारण...




## खबर संक्षेप

### साई में गेम्स के लिए ट्रायल प्रक्रिया आज से

**कुरुक्षेत्र।** भारतीय खेल प्राधिकरण कुरुक्षेत्र शाखा के सहायक निदेशक बाबू राम रावल ने कहा कि भारतीय खेल प्राधिकरण की तरफ से कुरुक्षेत्र साई सेंटर में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को तैयार किया जा रहा है। इस साई सेंटर के लिए आवासीय और गैर आवासीय योजना के तहत खाली सीटों पर खिलाड़ियों को रखा जाएगा। यह ट्रायल प्रक्रिया 11 फरवरी से लेकर 13 फरवरी तक चलेगी। साई सेंटर कुरुक्षेत्र में साइकिलिंग, हॉकी व वॉलीबॉल के लिए आवासीय व गैर आवासीय सीटों के लिए ट्रायल 11 से 13 फरवरी को लिए जाएंगे। इसमें हॉकी की दोनों योजनाओं के लिए ट्रायल होंगे।

### केयू ने घोषित किए सात परीक्षाओं के परिणाम

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के निदेर्शानुसार विश्वविद्यालय की परीक्षा शाखा द्वारा 7 परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए गए है। परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने बताया कि दिसम्बर 2025 में आयोजित बी.कॉम. पाँचवें सेमेस्टर (री-अपीयर), एम.ए. (दर्शनशास्त्र) तृतीय सेमेस्टर, बी.एड. (विशेष शिक्षा) तृतीय सेमेस्टर, एम.एड. (विशेष शिक्षा) प्रथम सेमेस्टर, एम.एससी. (प्रिंटिंग ग्राफिक्स एवं पैकेजिंग प्रौद्योगिकी) प्रथम सेमेस्टर, शास्त्री पांचवां सेमेस्टर तथा बी.एड. (विशेष शिक्षा) प्रथम सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है।

### लूट के मामले में मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना महेशनगर में दर्ज लूट के मामले में सीआईए-2 ने मिर्ची पाउडर डालकर चाकू से घायल करके लूट की वारदात को अंजाम देने वाले मुख्य आरोपी को काबू कर लिया है। निर्मल विहार के संजीव ने 12 मई 2025 को शिकायत दर्ज करवाई कि 11 मई 2025 को प्रीत नगर कॉलोनी के पास आरोपियों ने उस पर मिर्ची पाउडर डाला और चाकू मार कर उससे लगभग 4 लाख रूपये लूट कर फरार हो गए है। सीआईए-2 पुलिस ने मामले की गम्भीरता को देखते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर उसे एक दिन के रिमांड पर लिया है। आरोपी की पहचान शुभम के रूप में हुई।

### अंबाला में धोखाधड़ी करने वाला रिमांड पर

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर पुलिस ने धोखाधड़ी के मामले में विदेश भेजने के नाम पर लाखों रूपये हड़पने वाले आरोपी को नई मुंबई से गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान मंजीत सिंह के रूप में हुई है। अंबाला शहर के रहने वाले सुलतान सिंह की शिकायत पर पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि आरोपी ने विदेश भेजने का झांसा देकर उससे 5 लाख रूपये की राशि हड़प ली, न तो उसे विदेश भेजा और न ही उसके पैसे वापिस किए। पुलिस ने साक्ष्यों के आधार पर आरोपी को काबू किया है।

### 30 लाख रुपये ठगने वाला गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना नग्गल में दर्ज विदेश भेजने की धोखाधड़ी करने के मामले में आर्थिक अपराध शाखा ने आरोपी कप्तान सिंह को गिरफ्तार कर 2 दिन के रिमांड पर लिया है। आरोपी के खिलाफ विदेश भेजने के 13 धोखाधड़ी के मामले दर्ज हैं। आरोपी पर अंबाला, कुरूक्षेत्र व पंजाब में धोखाधड़ी के केस दर्ज हैं। परिवादी कर्मबीर सिंह ने 9 दिसंबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 1 अगस्त 2023 से 30 जून 2024 के दौरान आरोपी कप्तान सिंह ने उसके पुत्र और पुत्रवधु को विदेश भेजने के मामले में उससे 30 लाख रूपये की ठगी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

# स्पीकर ने किया कोहंड में निर्माणाधीन ओवरब्रिज का निरीक्षण

***ग्रामीणों ने हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष से पुल के साथ फुट ओवरब्रिज की भी मांग रखी***

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने घरौंडा हलका के गांव कोहंड में असंध रोड पर निर्माणाधीन ओवरब्रिज का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि रेलवे की ओर से अभी कुछ काम बाकी है जो दो महीने में पूरा होने की उम्मीद है। कल्याण के अनुसार ओवरब्रिज बनने के बाद लोगों को यातायात की बेहतर सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।

कोहंड गांव में सडक़ के दोनों ओर बसासत है। इसलिए पुल मंजूर कराते समय लोगों की सुविधा के लिए अंडरपास का भी प्रावधान कराया गया। पुल का कार्य शुरू होने के बाद कोरोना काल आरंभ हो गया जिसके कारण निर्माण कार्य अवरूद्ध हुआ। उन्होंने बताया कि उस समय लोगों की सुविधा अनुसार पुल

## दो महीने में काम पूरा होने की उम्मीद



के डिजाइन में भी बदलाव कराना पड़ा क्योंकि कोहंड से गांजबड़-बड़ौली की ओर जाने वाले रास्ते पर मुड़ने के लिए वाहनों को दिक्कत पेश आती थी और गांव भी एक-तरह से दो हिस्सों में बंट गया था। डिजाइन में बदलाव के लिए सरकार से विशेष मंजूरी ली गई। उन्होंने बताया कि इसके बाद पुल को दोनों

## पुल को दोनों ओर से पिलर्स पर काम शुरू

ओर से पिलर्स पर काम शुरू किया गया। रेलवे द्वारा किए जाने वाले कार्य के लिए दोबारा टेंडर आमंत्रित किए गए। इन सब कारणों से इसके निर्माण में देरी हुई। अब कार्य अंतिम चरण में है। रेलवे लाईन के ऊपर का हिस्सा रेलवे द्वारा बनवाया जा रहा है। हरियाणा के पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा अपने हिस्से का काम पूरा कर लिया गया है। उम्मीद है कि जल्दी ही पुल जनता को समर्पित हो जाएगा। इसके बाद लोगों को काफी राहत मिलेगी। अंडरपास से कोहंड के लोगों को फायदा होगा।

कल्याण के अनुसार निरीक्षण के दौरान सब कार्य व्यवस्थित रूप से पाए गए। फिर भी अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि लोगों की सुविधा के लिए यदि और कार्य जोड़ा जा सकता है तो उस पर भी गौर करें। उन्होंने कोहंड के लोगों द्वारा लंबे समय तक संयम बरतने की सराहना की। उन्होंने कहा कि वे भविष्य में विकास कार्यों को आगे बढ़ाते रहेंगे। लोगों की जरूरतों को पूरा करने का हर संभव प्रयास किया जाएगा। घरौंडा हलका लगातार विकास की ओर अग्रसर है। उन्होंने लोगों की खुशहाली की कामना की।

### 51 करोड़ खर्च किए जा चुके

इस पुल पर पीडब्ल्यूडी द्वारा करीब 37 करोड़ और रेलवे द्वारा 14 करोड़ से अधिक की राशि खर्च की जा चुकी है। आज ग्रामीणों ने स्पीकर से पुल के साथ फुट ओवरब्रिज की भी मांग की। इस पर उन्होंने एसडीएम राजेश सोनी को फिजिबिलिटी जांच कर उचित कदम उठाने के निर्देश दिए। इस मौके पर पीडब्ल्यूडी के कार्यकारी अभियंता संदीप और रेलवे के सौरभ भी मौजूद रहे।

## कैबिनेट मंत्री श्याम सिंह राणा ने दर्जनों गांवों का दौरा कर केंद्रीय बजट पर की चर्चा

# प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना केंद्र व प्रदेश सरकार का लक्ष्य

गांवों में पहुंचने पर का फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया

*कैबिनेट मंत्री श्याम सिंह राणा किसान चौपाल कार्यक्रम के अंतर्गत गांव गुमथला, संधाला, नाहरपुर, कमालपुर, बीच का माजरा, करहेड़ा, कांसापुर, फरकपुर व अन्य गांवों में पहुंचे*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

प्रदेश के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने मंगलवार को रादौर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों का दौरा कर लोगों की समस्याएं सुनी। इस दौरान मंत्री ने गत दिनों देश की वितमंत्री द्वारा पेश किए गए केंद्रीय बजट को लेकर चर्चा की। विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में पहुंचने पर लोगों ने कैबिनेट मंत्री का फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया।

मंगलवार को कैबिनेट मंत्री किसान चौपाल कार्यक्रम के अंतर्गत गांव गुमथला, संधाला, नाहरपुर, कमालपुर, बीच का माजरा, करहेड़ा, कांसापुर, फरकपुर व अन्य गांवों में पहुंचे। मंत्री श्याम सिंह राणा ने बताया कि देश की वित्त मंत्री ने गत दिनों जो केन्द्रीय बजट पेश किया है। उसमें खासकर कृषि प्रणाली को मजबूत एवं बेहतर बनाने पर लाखों करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया। इस बजट में हर वर्ग के हित को ध्यान में रखा गया है और अवश्य ही इस बजट से देश में विकास होगा। केंद्रीय बजट में कृषि के लिए लाखों करोड़ रुपये की रखी गई। राशि से किसानों को उनकी फसलों के अच्छे भाव, कृषि यंत्रों पर सब्सिडी तथा किसानों के लिए बेहतर योजनाएं बनाई जाएगी। केंद्र व प्रदेश की सरकार का लक्ष्य प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना है।



**यमुनानगर।** रादौर विधानसभा क्षेत्रों का दौरा कर लोगों की समस्याएं सुनते कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा।

■ हमारा देश लोकतांत्रिक देश है और हर देश की विदेश नीति होती : राणा

### ये रहे मौजूद

प्रदेश के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि भाजपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन युवा है और अवश्य ही उनके मार्गदर्शन में भाजपा आगे बढ़ेगी। इस अवसर पर पूर्व विधायक ईश्वर सिंह पलाका, तहसीलदार रादौर अशोक कुमार, महामंत्री सचिन, मंडल अध्यक्ष संध्या रावत, गुमथला सरपंच प्रवीण कुमार, संधाला सरपंच सतीश कुमार व नाहरपुर सरपंच आसमा आदि मौजूद थे।

### मनरेगा योजना को विकसित भारत के साथ जोड़ा

कृषि मंत्री ने कहा कि मनरेगा योजना को विकसित भारत के साथ जोड़ा गया है और अब इस योजना का विस्तार विकसित भारत जी राम जी योजना का नाम दिया गया है। उन्होंने बताया कि मनरेगा योजना के तहत पहले केवल 100 दिन का रोजगार उपलब्ध करवाया जाता था लेकिन विकसित भारत जी राम जी योजना के तहत 125 दिन का रोजगार उपलब्ध करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारा देश लोकतांत्रिक देश है और हर देश की विदेश नीति होती है। हमारी विदेश नीति मजबूत हाथों में है तथा देश की कार्यप्रणाली संविधान के अनुसार चलती है। राणा ने कहा कि भाजपा संगठित पार्टी है और जो पार्टी संगठित होती है। संगठित पार्टी ही विकास पथ पर आगे बढ़ती है।

एंटी व्हीकल थेफ्ट सेल की टीम की कार्रवाई

# ट्रैक्टर ट्राली चुराने वाले तीन युवकों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

एंटी व्हीकल थेफ्ट सेल की टीम ने गांव कलानौर अंडर पास से ट्रैक्टर-ट्राली चुराने वाले तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों ने चोरी की गई ट्रैक्टर-ट्राली बरामद कर ली। पुलिस ने आरोपियों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

सेल के इंचार्ज राजेश कुमार ने बताया कि उनकी टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि एक युवक चोरी की ट्रैक्टर ट्राली लेकर कलानौर अंडर पास होते हुए उत्तर प्रदेश की तरफ जाने वाला है। इस सूचना के आधार पर एएसआई अनिल हुसन, मुख्य सिपाही संदीप, रविंदर व योगेश के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम द्वारा नाकाबंदी कर वाहनों की जांच शुरू की गई। नाकाबंदी के दौरान कुछ समय बाद एक युवक ट्रैक्टर ट्राली पर आता दिखाई दिया। पुलिस टीम ने उसे रोककर जांच की तो ट्रैक्टर ट्राली के दस्तावेज संदिग्ध पाए गए। गहन पूछताछ करने पर उक्त ट्रैक्टर ट्राली चोरी की निकली। पूछताछ के दौरान आरोपी की पहचान जिला सहारनपुर के गांव भोजपुर नजदीक बड़ी मस्जिद निवासी सरफराज उर्फ कालू के रूप में हुई।




**यमुनानगर।** एंटी व्हीकल थेफ्ट सेल द्वारा पकड़े गए चोर।

■ आरोपियों से चोरी की ट्रैक्टर ट्राली बरामद

### न्यायिक हिरासत में भेजा

आरोपी ने स्वीकार किया कि यह ट्रैक्टर ट्राली अपने ही गांव भोजपुर के दो अन्य साथियों सुहेल तथा राजिक के साथ मिलकर पांच फरवरी को पांसरा फाटक के नजदीक से चोरी की थी। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए उपरोक्त दोनों आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया। जहां से न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

15 बच्चों को जांच के लिए पीजीआईएमईआर भेजा

# चार बच्चों के परिजनों को जांच के बाद हार्ट सर्जरी करवाने की सलाह

**अंबाला।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. बलजिंद्र सिंह ने बताया कि बच्चों के लिए राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के अंतर्गत राज्य मुख्यालय, पंचकूला की पहल पर पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़ में हृदय रोग से संबंधित ईको कैंप का सफल आयोजन किया गया। इस कैंप के अंतर्गत जिले से कुल 15 बच्चों को आरबीएसके वाहनों के माध्यम से पीजीआईएमईआर भेजा गया। वहां सभी बच्चों का प्राथमिकता के आधार पर उपचार एवं जांच की गई। चिकित्सकीय परीक्षण के उपरांत कुछ बच्चों को पुनः फॉलो-अप की सलाह दी गई जबकि 4 बच्चों को जीवन-रक्षक हृदय शल्य चिकित्सा (हार्ट सर्जरी) के लिए शीघ्र ऑपरेशन की सलाह दी गई। पीजीआईएमईआर जैसे प्रतिष्ठित संस्थान में जहां सामान्यतः ओपीडी में लंबी कतारें एवं जांचों के लिए प्रतीक्षा अवधि अधिक रहती है वहां इस पहल के अंतर्गत सभी परामर्श एवं जांचें एक ही दिन में बिना किसी विलंब के पूरी की गई। सभी अभिभावकों ने समयबद्ध एवं सुचारू उपचार से अत्यंत संतोष व्यक्त किया। इस व्यवस्था के लिए राज्य मुख्यालय तथा आरबीएसके टीम के प्रयासों की भूरी-भूरी प्रशंसा की। अभिभावकों ने इस मानवीय एवं सराहनीय पहल के लिए स्वास्थ्य विभाग का हार्दिक धन्यवाद किया। यह पहल बच्चों में जन्मजात हृदय रोगों की समय पर पहचान एवं उपचार की दिशा में राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।



**अंबाला।** बीमार बच्चों के परिजनों से बातचीत करते चिकित्सक।

# 600 अल्प्राजोलम नशीली गोलियों के मामले में दूसरा आरोपी पकड़ा

**करनाल।** पुलिस की सीआईए-2 ने नशीली गोलियों के मामले में दूसरे आरोपी को भी काबू किया है। सीआईए 2 इंचार्ज निरीक्षक प्रवीण कुमार के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक राम निवास की अध्यक्षता में आरोपी सलमान अली निवासी गांव सद्द बडोली शामली,उप्र गिरफ्तार किया गया। जांच अधिकारी ने बताया कि उक्त मामले में पहले आरोपी अजय निवासी गांव सोकड़ा,करनाल को तरावड़ी के एरिया से काबू किया गया। उसके कब्जे से 600 अल्प्राजोलम नशीली गोलिया बरामद की गई। जिसके विरुद्ध थाना तरावड़ी में एनडीपीएस एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर एक दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया था। आरोपी से पूछताछ में खुलासा हुआ कि वह इन नशीली गोलियों को उसके अन्य साथी सलमान अली से खरीदकर बचने के लिए लाया था। जिसे टीम ने काबू किया गया। गहन पूछताछ कर नशे के इस कारोबार में संलिप्त आरोपी के अन्य साथियों की संलिप्ता के बारे में मामले की जांच जारी है।



**करनाल।** पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

# बूडिया में खेड़े मंदिर का दान पात्र तोड़कर 15 हजार चोरी

**यमुनानगर।** कस्बा बूडिया में चोरों ने खेड़े मंदिर का दान पत्र तोड़कर 15 हजार रुपये चोरी कर लिए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। बूडिया निवासी मानिक सिंघला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके गांव में ही खेड़ा मंदिर है। जहां पर दान पत्र लगा हुआ है। चोरों ने नौ फरवरी की रात को खेड़े मंदिर का दान पत्र तोड़कर उसमें से दान राशि चोरी कर ली। सुबह जब श्रद्धालु मंदिर में माथा टेकने के लिए पहुंचे तो उन्हें दान पात्र टूटा हुआ मिला। अंदर से पैसे गायब मिले। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

■ पुलिस ने अज्ञात पर मामला दर्ज किया

### श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय को मिले 23 नए सहायक प्रोफेसर

**कुरुक्षेत्र।** श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान के कुशल मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय की स्थापना के बाद पहली बार आयुर्वेद के 13 विषयों में 23 सहायक प्रोफेसरों की नियुक्ति की गई है। सोमवार को हुई कार्यकारी परिषद की 18वीं बैठक में सहायक प्रोफेसर पदों की नियुक्ति से संबंधित लिफाफे खोले गए। इसके साथ ही पंचकर्म विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. ममता राणा को पदोन्नत कर एसोसिएट प्रोफेसर बनाया गया है। आयुष विश्वविद्यालय द्वारा आयुर्वेद के 14 विषयों में एक एसोसिएट प्रोफेसर सहित सहायक प्रोफेसर के कुल 37 पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए थे। भर्ती प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत 23 पदों पर नियुक्तियां की गई हैं। नवनियुक्त सहायक प्रोफेसरों ने विश्वविद्यालय में जॉइनिंग प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान ने कहा कि विश्वविद्यालय में योग्य एवं अनुभवी शिक्षकों और विशेषज्ञों की नियुक्ति से आयुर्वेद की शिक्षा और शोध को नई मजबूती मिलेगी। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. ब्रिजेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि सहायक प्रोफेसरों और विशेषज्ञों की नियुक्ति से विश्वविद्यालय की शैक्षणिक, प्रशासनिक एवं शोध गतिविधियों को नई गति मिलेगी।



राज्य स्तरीय चित्रकला स्पर्धा आयोजित

# कुवि का ललित कला विभाग अव्वल रहा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

राजकीय महिला महाविद्यालय, करनाल में उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा के तत्वावधान में हरियाणा राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता रंग कलश-2026 का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों के लगभग 200 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया।

प्रतियोगिता में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के ललित कला विभाग ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। राजकीय महिला महाविद्यालय करनाल की आकांक्षा ने द्वितीय स्थान तथा पंडित चिरंजी लाल राजकीय महाविद्यालय करनाल की जन्नत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं राजकीय महिला महाविद्यालय करनाल की अंजलि को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। विजेताओं को ट्रॉफी, प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण प्रख्यात कलाकारों डॉ. एस. के. कुशवाहा, डॉ. जीवन सिंह, डॉ. भीम सिंह, डॉ. राम विरंजन तथा प्रसिद्ध कलाकार लक्ष्मण कुमार द्वारा किया गया सजीव चित्रांकन रहा, जिसने विद्यार्थियों को प्रेरित किया और महाविद्यालय परिसर को रचनात्मक ऊर्जा से भर दिया। प्रतियोगिता का आयोजन पुरुष एवं महिला वर्ग में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा के निदेशक एस. नारायणन रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में दीपक संधू, नोडल अधिकारी, उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विवेक रंगा ने की।

# जगाधरी में वाहन की टक्कर लगने से मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जगाधरी के साईं धर्म कांटा के पास अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जगाधरी की मोहनलाल गली निवासी हरिओम शर्मा ने शहर जगाधरी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका पिता का 70 वर्षीय घनश्याम सहाय नौ फरवरी को शाम चार बजे किसी काम से जा रहा था। जब वह साईं धर्म कांटा के पास पहुंचा तो तेज गति से आ रहे अज्ञात वाहन ने उसके पिता को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से उसका पिता गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद आरोपी अज्ञात वाहन चालक मौके से फरार हो गया। आसपास के लोगों ने उसके पिता घनश्याम सहाय को अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलती ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

■ हादसे के बाद आरोपी अज्ञात वाहन चालक फरार

## खबर संक्षेप



### श्री कृष्णा मंदिर में श्री शिव महापुराण कथा

**करनाल।** महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में काछवा के श्री कृष्णा मंदिर में श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा व्यास दीपमाला जी कथा के माध्यम से शिव महिमा का बखान कर रही हैं। उन्होंने भस्म की महिमा बताते हुए कहा की भस्म शिव का प्रसाद और पवित्रता का प्रतीक है। जो नश्वरता का बोध कराता है। भस्म को शिव की पूजा में अत्यंत महत्व दिया गया है। यह शरीर की नश्वरता और वैराग्य का प्रतीक है। शिव महापुराण के अनुसार भस्म को धारण करने से शिव की कृपा प्राप्त होती है।

### किसानों का संघर्ष सिर्फ आंदोलन तक सीमित नहीं रहेगा : रतनमान



**करनाल।** भारतीय किसान यूनियन के हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष रतनमान ने कहा कि देश विकट दौर से गुजर रहा है और अब किसानों का संघर्ष सिर्फ आंदोलन तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि यह अपने अधिकार, जीवन और भविष्य को बचाने का संग्राम होगा। दिल्ली स्थित कॉन्स्टीट्यूशन क्लब में आयोजित 'खतरे में खेती' कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सांसद, विधायक और किसान नेता मौजूद रहे। रतनमान ने कहा कि गांव-गांव किसानों में गुस्सा और बेचैनी साफ नजर आ रही है, जो आने वाले बड़े संघर्ष का संकेत है। वरिष्ठ किसान नेता राकेश टिकैत की मौजूदगी ने सभा को मजबूती दी।



### छीना-झपटी करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

**करनाल।** पुलिस की सीआईए-1 टीम ने चाकू की नोक पर छीना-झपटी करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो मोबाइल फोन व एक चाकू बरामद किया है। आरोपी विकास निवासी करनाल, भैरव निवासी कुरुक्षेत्र, सूरज निवासी करनाल को काबू किया गया। शिकायतकर्ता के अनुसार 26 जनवरी 2026 की रात को अटल पार्क के समीप तीन अज्ञात युवकों ने चाकू दिखाकर उस पर हमला किया तथा दो मोबाइल फोन छीनकर मौके से फरार हो गए थे।

### सरकारी राशन की दुकानों पर दिव्यांगजनों के लिए अलग पंक्ति

**करनाल।** दिव्यांगजनों को सरकारी राशन लेने के लिए अब भीड़ का हिस्सा नहीं बनना पड़ेगा। सरकार द्वारा उनके लिए अलग पंक्ति के निर्देश दिए है। भारतीय रेडक्रॉस समिति हरियाणा राज्य शाखा के उपाध्यक्ष अंकुश मिगलानी के प्रयासों से यह व्यवस्था संभव होने जा रही है।



अंकुश मिगलानी।

### हरियाणा मातृशक्ति उद्यमिता योजना के तहत 5 लाख तक का ऋण

**करनाल।** उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए हरियाणा मातृशक्ति उद्यमिता योजना चलाई जा रही है, जिसके तहत बैंक के माध्यम से पांच लाख रुपए तक का ऋण उपलब्ध कराया जाता है। सरकार ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में हरियाणा मातृशक्ति उद्यमिता योजना शुरू की है। इस योजना का लाभ महिलाओं को केवल तभी प्रदान किया जाएगा जब उनकी पारिवारिक आय 5 लाख या इससे कम हो, साथ ही आयु 18 से 60 वर्ष के बीच हो।

---

### डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग करते समय रहें सतर्कः डॉ. रामपाल सैनी

# युवा राष्ट्र निर्माण में करें अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित : डॉ. वीरेंद्र चौहान

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल

- डीएवी पीजी कॉलेज में चल रहे सात दिवसीय दिन-रात शिविर का तीसरा दिन

डीएवी पीजी कॉलेज में चल रहे सात दिवसीय दिन-रात शिविर के तीसरे दिन का आयोजन सक्रिय सहभागिता के साथ हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान, नीलोखेड़ी के निदेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान ने शिरकत की। कार्यक्रम में पंहुचने पर ए न ए स ए स अधिकारी डॉ. पूनम वर्मा, डॉ. बलराम शर्मा, डॉ. प्रतिभा ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। उन्होंने स्वयंसेवकों को सम्बोधित करते हुए हिंदी भाषा के महत्व, डिजिटल लिटरेसी तथा युवाओं की सामाजिक जिम्मेदारियों पर अपने विचार व्यक्त किए और विद्यार्थियों को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। डॉ. वीरेंद्र चौहान ने अपने संबोधन में कहा कि हिंदी केवल एक भाषा नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक पहचान, सामाजिक चेतना और राष्ट्रीय एकता की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि हिंदी ने सदैव देश को जोडऩे का कार्य किया है और आज के डिजिटल युग में भी इसकी प्रासंगिकता और अधिक बढ़ गई है। डॉ. चैहान ने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे हिंदी को केवल औपचारिक भाषा तक सीमित न रखें, बल्कि अपने दैनिक जीवन, अध्ययन, शोध और तकनीकी माध्यमों में भी इसका अधिकाधिक प्रयोग करें। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी यदि हिंदी को आत्मसात करेगी तो यह भाषा वैश्विक स्तर पर और अधिक सशक्त रूप में स्थापित होगी।





**करनाल।** कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान को सम्मानित करते हुए कॉलेज स्टाफ। *फोटो: हरिभूमि*

#### आत्मनिर्भरता का संदेश दिया

डॉ. शिवांगी (केवीए डीएवी कॉलेज) ने डिजिटल इंडिया लिटरेसी और साइबर क्राइम से बचाव के उपायों पर जागरूक किया। वहीं डॉ. आस्था भाटिया (दयाल सिंह कॉलेज, करनाल) ने स्वदेशी के महत्व पर अपने विचार रखते हुए आत्मनिर्भरता का संदेश दिया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पूनम वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रम विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास के साथ-साथ उन्हें सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति सजग बनाते हैं तथा एनएसएस स्वयंसेवकों को समाज सेवा के कार्यों में निरंतर अग्रणी रहने के लिए प्रेरित करते हैं। इस मौके पर रैडक्रॉस संयोजक डॉ. बलराम शर्मा, डॉ. रेखा, डॉ. प्रतिभा राठी, डॉ. राधिका, डॉ. मीनू, डॉ. टीना, डॉ. प्रियंका, डॉ. अनीता, डॉ. रमा, शिप्रा, व अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

#### गतिविधियों की सराहना

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद के कुलपति एंव कॉलेज प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. रामपाल सैनी ने स्वयंसेवकों के लिए अपने संदेश में कहा कि डिजिटल युग में साइबर अपराध एक गंभीर सामाजिक चुनौती के रूप में उभर कर सामने आया है। उन्होंने कहा कि इंटरनेट, सोशल मीडिया और ऑनलाइन लेन-देन के बढ़ते उपयोग के साथ-साथ साइबर ठगी, डेटा चोरी और ऑनलाइन उत्पीडऩ जैसी घटनाएँ भी तेजी से बढ़ रही हैं। प्राचार्य ने विद्यार्थियों से अपील की कि वे डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग करते समय सतर्क रहें, अपनी व्यक्तिगत जानकारी सुरक्षित रखें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना संबंधित अधिकारियों को दें। उन्होंने कहा कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रम युवाओं को साइबर सुरक्षा के प्रति सजग बनाते हैं और उन्हें जिम्मेदार डिजिटल नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित करते हैं। कोऑर्डिनेटर एनएसएस, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र से डॉ. आनंद ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि स्वयंसेवकों को एनएसएस के मूल्यों, अनुशासन एवं समाज सेवा की भावना को जीवन में अपनाने के लिए तैयार रहना चाहिए। उन्होंने स्वयंसेवकों की गतिविधियों की सराहना करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार सक्रिय रहने का संदेश दिया। डॉ. श्वेता धीमान ने आपातकालीन परिस्थितियों में प्राथमिक उपचार के महत्व के बारे में बताया।

---



**करनाल।** एनएसएस शिविर में भाग लेते हुए छात्राएं। *फोटो: हरिभूमि*

# स्वयंसेवकों को साइबर क्राइम के प्रति जागरूकता किया

- डीएवी महिला महाविद्यालय में डिजिटल साक्षरता विषय पर एनएसएस शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल

कुमारी विद्यावती आनंद डीएवी महिला महाविद्यालय में एनएसएस यूनिट एक और यूनिट दो द्वारा डिजिटल साक्षरता विषय पर एनएसएस शिविर लगाया जा रहा है। कैंप के चौथे दिन महाविद्यालय की प्राचार्या मीनू शर्मा के मार्गदर्शन में सुबह के सत्र की शुरूआत योग के साथ की गई।

स्वयंसेवकों ने विभिन्न आसनों, प्राणायाम और ध्यान में सक्रिय रूप से भाग लिया। सत्र का उद्देश्य छात्रों के बीच शारीरिक फिटनेस, मानसिक कल्याण और आत्म-अनुशासन को बढ़ावा देना, स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन के एनएसएस दर्शन को मज़बूत करना था। इसके बाद स्वयंसेवकों के लिए साइबर अपराध जागरूकता पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। विशिष्ट वक्ता सुरेंद्र गोयल (सेवानिवृत्त उप महाप्रबंधक, बैंक ऑफ़ बड़ौदा, करनाल) द्वारा बैंकिंग क्षेत्र से अपने समृद्ध पेशेवर अनुभव और व्यावहारिक अंतर्दृष्टि साझा की गई।

#### संवादात्मक सत्र

उन्होंने छात्राओं को विभिन्न प्रकार के साइबर धोखाधड़ी जैसे फ़िशिंग, ऑनलाइन बैंकिंग घोटाले, पहचान की चोरी, नक़ली कॉल और सोशल मीडिया के दुरुपयोग के प्रति संवेदनशील बनाया। सुरक्षित डिजिटल प्रथाओं, पासवर्ड सुरक्षा, सतर्क ऑनलाइन व्यवहार और प्रतिक्रिया देने से पहले डिजिटल जानकारी को सत्यापित करने के महत्व पर जोर दिया। सत्र संवादात्मक भी था, जिसमें गोयल ने अपने पेशेवर अनुभव से वास्तविक जीवन के मामले के अध्ययन को साझा किया। उन्होंने साइबर अपराधों की रिपोर्ट करने पर स्वयंसेवकों का भी मार्गदर्शन किया और डिजिटल धोखाधड़ी को रोकने में जागरूकता के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यशाला का समापन प्रश्न-उत्तर सत्र के साथ हुआ, जिसके दौरान स्वयंसेवकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और साइबर सुरक्षा से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर स्पष्टीकरण मांगा। यह दिन अत्याधिक शैक्षिक और प्रासंगिक साबित हुआ, छात्रों को डिजिटल दुनिया को जिम्मेवारी से नेविगेट करने के लिए आवश्यक ज्ञानवर्धन किया।

---

# महिला सुरक्षा को लेकर जागरूक किया

- राजकीय महिला महाविद्यालय करनाल में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल



**करनाल।** छात्राओं को जागरूक करते हुए पुलिस अधिकारी। *फोटो: हरिभूमि*

राजकीय महिला महाविद्यालय में जिला पुलिस करनाल द्वारा जन-जागरूकता के उद्देश्य से एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उप निरीक्षक दीपक, थाना शहर करनाल द्वारा छात्राओं को भारतीय न्याय संहिता, महिला सुरक्षा, साइबर सुरक्षा सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। वहीं सहायक उप निरीक्षक अजय कुमार, कोऑर्डिनेटर, थाना हाईवे करनाल द्वारा भी विभिन्न सामाजिक व कानूनी विषयों पर छात्राओं को जागरूक किया गया। कार्यक्रम का आयोजन असिस्टेंट प्रोफेसर (कॉमर्स) राजकीय महिला महाविद्यालय जीवन ज्योति के मार्गदर्शन में किया गया। छात्राओं ने विषयों को सुना तथा प्राप्त जानकारी को अपने जीवन में अमल में लाने का आश्वासन दिया।

#### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर असिस्टेंट प्रोफेसर (केमिस्ट्री) मैडम अंकिता भी उपस्थित रहीं। इसी क्रम में एक अन्य जागरूकता कार्यक्रम डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल, पुलिस लाइन, करनाल में आयोजित किया गया, जहां छात्रों को रोड सेफ्टी, साइबर सुरक्षा तथा नशा दुरुपयोग (ड्रग एब्यूज) के दुष्परिणामों के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक सोमपाल, सोनिया ,नीतू एवं नीरू उपस्थित रहे। जिला पुलिस करनाल द्वारा भविष्य में भी ऐसे जागरूकता कार्यक्रम निरंतर जारी रखने की दिशा में प्रयास किए जाएंगे।

---

# गांजा बरामदगी केस में बड़ा फैसला

- 2020 के पुराने मामले में कोर्ट ने चांदनी देवी को सुनाई 10 साल कैद, एक लाख जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल

करनाल जिले में नशा तस्करी से जुड़े एक पुराने मामले में कोर्ट ने सख्त फैसला सुनाया है। मंगल कॉलोनी इलाके में गांजा बेचने के मामले में दोष सिद्ध होने पर कोर्ट ने आरोपी महिला को 10 साल की कैद और एक लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया है कि जुर्माना अदा न करने की स्थिति में दोषी को छह माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।यह मामला वर्ष 2020 का है, जब पुलिस ने भारी मात्रा में गांजा बरामद किया था। पुलिस को 19 जनवरी 2020 को सूचना मिली थी कि मंगल कॉलोनी स्थित एक मकान में नशा बेचा जा रहा है और वहां भारी मात्रा में गांजा मौजूद है।

#### महिलाएं और युवक बैग के साथ दिखे

जब पुलिस टीम मौके पर पहुंची, तो मकान के पास दो महिलाएं और एक युवक नीले-काले रंग का भारी बैग पकड़े खड़े दिखाई दिए। पुलिस को देखकर युवक मौके से फरार हो गया, जबकि दोनों महिलाओं को पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए काबू कर लिया।

**24 किलो 200 ग्राम गांजा बरामद**

पुलिस ने बैग की तलाशी ली तो उसमें गांजा पाया गया, जिसे इलेक्ट्रॉनिक कांटे से तौला गया। कुल वजन 24 किलो 200 ग्राम पाया गया। आरोपियों से गांजा रखने से संबंधित कोई भी दस्तावेज या अनुमति प्रस्तुत नहीं की जा सकी। बरामद नशीले पदार्थ को सील कर कब्जे में ले लिया गया और आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी की गई।

**महिलाओं ने बताए अपने नाम**

पुलिस पूछताछ में महिलाओं ने अपने नाम डेहा बस्ती मंगल कॉलोनी चंद्रमुखी उर्फ चंद्र उर्फ सोमा पत्नी जस्सेर सिंह तथा डेहा बस्ती मंगल कॉलोनी चांदनी देवी उर्फ चंदा पत्नी बिंदू बताए। फरार युवक की पहचान डेहा बस्ती मंगल कॉलोनी बिंदू पुत्र जस्सेर सिंह के रूप में हुई।

---

# 8वीं के छात्र की संदिग्ध हालात में मौत

- दौड़ते समय गिरकर सिर में लगी चोट, इलाज के दौरान तोड़ा दम

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल

करनाल जिले के सुमेरी गांव स्थित एक बोर्डिंग स्कूल में पढ़ने वाले आठवीं कक्षा के छात्र की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। छात्र स्कूल के हॉस्टल में रहता था और रोज की तरह शाम को टहलने के लिए बाहर निकला था। इसी दौरान वह दौड़ते हुए अचानक गिर पड़ा और उसके सिर में गंभीर चोट लग गई। घटना के तुरंत बाद स्कूल स्टाफ छात्र को पास के निजी क्लीनिक में लेकर पहुंचा, जहां डॉक्टरों ने उसकी हालत गंभीर बताते हुए उसे कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज, करनाल रेफर कर दिया। मेडिकल कॉलेज पहुंचते ही डॉक्टरों ने जांच के बाद छात्र को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस सरकारी अस्पताल पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी हाउस में रखवा दिया। परिजनों को भी घटना की जानकारी दे दी गई है। उनके करनाल पहुंचने के बाद पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जाएगी।

#### पोस्टमार्टम रिपोर्ट से होगा खुलासा

स्कूल सोसायटी के अध्यक्ष विनोद कुमार ने बताया कि छात्र के गिरने के बाद तुरंत इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उसकी जान नहीं बच सकी। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

**हॉस्टल से निकलकर टहलने गया था छात्र**

मृतक छात्र मूल रूप से बिहार का रहने वाला था और वर्तमान में उसका परिवार दिल्ली में रह रहा है। जानकारी के अनुसार छात्र हॉस्टल में रहकर पढ़ाई कर रहा था। सोमवार शाम को खाना खाने के बाद वह परिसर में टहलने के लिए निकला। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वह दौड़ते हुए आ रहा था और उसके पीछे एक अन्य छात्र भी दौड़ रहा था, तभी वह अचानक जमीन पर गिर पड़ा और सिर में गंभीर चोट लग गई।

---

# शिव-पार्वती विवाह प्रसंग का किया वर्णन

- महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में गांव सग्गा स्थित शिव मंदिर में शिव महापुराण कथा शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल





महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में गांव सग्गा स्थित शिव मंदिर, पावर हाउस में नाथ संस्था एवं समस्त ग्रामवासी और महाकाल सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में चल रही श्री शिव महापुराण कथा में पहले दिन कथा व्यास पंडित रसिक बिहारी महाराज ने श्रद्धालुओं को भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन सुनाया। पंडित जी ने बताया कि शिव-पार्वती विवाह प्रेम, त्याग, तप और आदर्श दांपत्य जीवन का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि शिव महापुराण का श्रवण करने से व्यक्ति के समस्त कष्ट दूर होते हैं, जीवन में सुख-शांति आती है और मोक्ष की प्राप्ति होती है। शिव महापुराण मानव जीवन को सही मार्ग दिखाने वाला पवित्र ग्रंथ है।

#### भोलेनाथ के जयकारे लगाए

कथा के समापन पर भगवान शिव की विधिवत आरती की गई, जिसमें श्रद्धालुओं ने दीप प्रज्ज्वलित कर भोलेनाथ के जयकारे लगाए। पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा। आयोजकों ने बताया कि यह कथा 6 फरवरी से 16 फरवरी तक प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक आयोजित की जाएगी। 15 फरवरी को रात्रि 8 बजे रुद्राभिषेक तथा 16 फरवरी को हवन-यज्ञ व भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

---

### हमें प्रभु का सिमरन प्रभात वेला में करना चाहिए, उस समय भगवान खुशियों का अपना खजाना खोलते हैं : बीके किरण दीदी

# ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र ने मनाया त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭इंद्री

ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र इंद्री की ओर से पुष्प वाटिका इंद्री मे शिवरात्रि के उपलक्ष्य में त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव मनाया गया । कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप में एसडीएम अनिल कुमार और विशिष्ट अतिथि के रूप मे शहीद उधम सिंह राजकीय महाविद्यालय के प्रिंसिपल ड़ा. महेन्द्र सिंह बागी व सिविल अस्पताल इंद्री के मेडिकल ऑफिसर ड़ा. रविन्द्र शर्मा मौजूद रहे। एसडीएम अनिल कुमार ने कार्यक्रम में ध्वजारोहण किया और स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए शपथ दिलवाई। इस अवसर पर धर्मराज की सभा नामक एक लघु नाटिका के माध्यम से शुभ कर्म करने का संदेश दिया गया । कार्यक्रम मे नन्ही बालिका फियोना खुराना ने मेरे भोले शिव बाबा पर गीत पर शानदार प्रस्तुति दी। ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की किरण दीदी ने कहा कि हमें प्रभु का सिमरन प्रभात वेला में करना चाहिए, उस समय भगवान ने खुशियों का अपना खजाना खोल रखा होता है। आप जो चाहे उस समय पा सकते है। उन्होंने कहा कि हम अपने शरीर में जैसे संस्कार बनाएंगे वैसे ही आगे आने वाले शरीर में वो संस्कार ट्रास्फर हो जाएगें। हमें अपनी कथनी ओर करनी को एक करना होगा। हमेशा कोशिश रहनी चाहिए कि मेरे मन, कर्म व वचन से किसी को कोई दुख ना पहुंचें। इस अवसर पर समय सिंह, जयप्रकाश बंसल, बालेश्वर, बालकृष्ण बंसल, कृष्ण लाल, कमल, हनी खुराना, पवन सिंगला, विजय, अरुण शास्त्री, आशा रानी, सरोज बाला, सुमन व शिवानी गोयल सहित काफी संख्या में श्रद्धालु महिलाएं व पुरूष मौजूद रहे।





**इंद्री।** पुष्प वाटिका इंद्री में ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र की ओर से आयोजित कार्यक्रम में संबोधित करती बीके रजनी बहन व ार्यक्रम के दौरान शपथ दिलाते हुए एसडीएम अनिल कुमार। *फोटो: हरिभूमि*

#### शिव कल्याणकारी : किरण

दीदी किरण ने कहा कि शिव कल्याणकारी है। जो हो रहा है उसको होने दो। जो बीत चूका है उसे भूल जाओं, भविष्य की चिंता मत करो और अपने वर्तमान को अच्छे तरीके से जीना सीखों। वर्तमान हमारा है आप इसे संभालें। आगे आने वाले समय को भगवान पर छोड़ दें। भगवान श्रद्धा व प्रेम के भूखे है। बीके ममता दीदी ने उपस्थित भाई-बहनों को शिव की महिमा के बारे मे विस्तारपूर्वक जानकारी दी और शांति से भरपूर राजयोग का अभ्यास कराया। बीके रजनी दीदी जी ने आत्मा और परमात्मा के बारे में बताया कि आत्मा को कोई मार नहीं सकता, आग जला नहीं सकती, आत्मा सतोगुणी है। परमात्मा शिव है, कल्याणकारी है व ज्योति बिंदु स्वरूप है। इस मौके पर सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

**खबर संक्षेप**

### टैगोर स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी

**पानीपत।** पानीपत के गांव कुराड़ स्थित टैगोर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। इस अवसर पर स्कूल के प्रधान राजेश देशवाल, एरिक इंडस्ट्री एमडी पतंजलि गुप्ता, भाजपा मीडिया प्रभारी ओम दत्त आर्य, अजय कुमार, सरपंच प्रतिनिधि टिंकू देशवाल, चंद्र मोहन गुलाटी, कृष्णा मंजरी, डॉ. कुंजल प्रतिष्ठा, वीनू डोगरा, ईश्वर चौधरी, राजपाल सिंह, तेजवीर, डा. श्याम लाल, रामभूल त्यागी, डा.मोहित, रमेश शाहपुर, बीरबल शर्मा, काजल देशवाल, सुनीता पाराशर, शमशेर शर्मा आदि रहे।

### स्व.राजेश पायलट को किया नमन

**पानीपत।** पूर्व केंद्रीय मंत्री व किसान नेता स्व.राजेश पायलट को उनकी 80वीं जयंती पर हुडा सेक्टर 25 स्थित गुर्जर भवन भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर गुर्जर भवन के संरक्षक मोहकम एडवोकेट, प्रधान जोगिंदर रावल, महामंत्री केपी सिंह, उपप्रधान राजकुमार, राजेंद्र नंबरदार, जयपाल छौक्कर, बलवीर रावल, सुलेख डिडवाड़ा, सुरेंद्र रावल, ब्रह्मपाल, रोशन छौक्कर, कैशियर मदन रावल व कुशलपाल चौहान आदि उपस्थित रहे।

### सरल केन्द्र में मनाया इंटरनेट दिवस

**पानीपत।** जिला सचिवालय पानीपत व समालखा के सरल केन्द्र में सूचना एवं विज्ञान विभाग द्वारा सुरक्षित इंटरनेट दिवस का आयोजन किया गया। जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी संजय कुमार, अतिरिक्त जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी सीमा सैनी, जूनियर प्रोग्रामर गौरव अग्रवाल, कशीन चावला, आईआरएडी के जिला प्रबंधक पुनीत ने इंटरनेट के सुरक्षित प्रयोग को लेकर जनता को जागरूक किया।

### युवाओं का करियर मार्गदर्शन किया

**पानीपत।** जिला रोजगार विभाग द्वारा हरियाणा रोज़गार विभाग के मार्ग दर्शन में युवाओं को कैरियर संबंधी मार्गदर्शन प्रदान करने के उद्देश्य से जिला रोजगार कार्यालय ने विभिन्न शिक्षण संस्थानों में कैरियर वार्ताओं, सेमिनारों एवं प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। वहीं, जिला रोजगार अधिकारी डॉ. ऋतु चहल ने बताया कि प्रत्येक अभ्यर्थी के लिए कैरियर लक्ष्य निर्धारित करना अत्यंत आवश्यक है।

### बिजली कर्मियों ने बैठक की

**पानीपत।** केंद्रीय ट्रेड यूनियनों द्वारा घोषित 12 फरवरी कि राष्ट्रव्यापी हड़ताल की तैयारी को लेकर ऑल हरियाणा पावर कॉर्पोरेशन वर्कर्स यूनियन, सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की सर्कल पानीपत की कन्वेंशन हुई। जिसमें बिजली कर्मी नेता सतेंद्र पूनिया, प्रमोद शर्मा, देवेंद्र हुड्डा, जितेंद्र सैनी, सोमपाल रावल, मनीष मलिक, एसकेएस के प्रधान अमरीश त्यागी, विनोद कुमार, अमित कुमार, कपिल रावल, दलेल शर्मा, बलराम राणा, महीपाल, राकेश कुमार, शिव कुमार, जोगिंदर, कपूर चंद, सुरेंद्र शर्मा आदि ने भाग लिया।

### छात्रों को किया साइबर सुरक्षा के लिए किया जागरुक

**पानीपत।** आईबी पीजी कॉलेज में सेफर इंटरनेट डे पर ऑनलाइन सुरक्षा, साइबर हाइजीन तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के सुरक्षित एवं जिम्मेदार उपयोग विषय पर जागरूकता कार्यक्रम हुआ। जिसका उद्देश्य विशेष रूप से बच्चों, महिलाओं एवं युवाओं के बीच इंटरनेट के सुरक्षित, संरक्षित एवं जिम्मेदार उपयोग को बढ़ावा देना है।

### छात्राओं को करियर संबंधी किया जागरुक

**पानीपत।** चौधरी देवीलाल मेमोरियल कन्या पीजी महाविद्यालय गांव सिवाह, पानीपत में छात्राओं को करियर काउंसलिंग से संबंधित मुकेश कुमार सीनियर मार्केटिंग एडिक्टिंग सीजीसी यूनिवर्सिटी मोहाली द्वारा जागरूक करते हुए विभिन्न कोर्सेज की जानकारी दी। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ. सुमन लता, टीचिंग व नॉन टीचिंग स्टाफ उपस्थित रहा।

## अनंत आशा व उर्जा का प्रतीक है वसंतोत्सवः मित्तल

# एसडी कॉलेज में पुष्प प्रदर्शनी व पुष्प प्रतियोगिता का शुभारंभ

- वसंत का उत्सव अनंत आशा और उर्जा का प्रतीक : रोशन लाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत


पानीपत। एसडी कॉलेज में वसंतोत्सव में फूलों को निहारते हुए अतिथिगण।

एसडी पीजी कॉलेज पानीपत की पर्यावरण बचाओ सोसाइटी के तत्वावधान में 12वें दो दिवसीय राज्य स्तरीय 'वसंतोत्सव 2026-पुष्प प्रदर्शिनी एवं पुष्प प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्यातिथि रोशन लाल मित्तल संरक्षक एसडी एजुकेशन सोसाइटी ने किया।

जबकि अनूप कुमार प्रधान एसडी एजुकेशन सोसाइटी, नरेश कुमार गोयल सचिव, श्रवण कुमार उपसचिव, सतीश चंद्रा चेयरमैन एसडीवीएम हुडा, विकास कुमार वाइस चेयरमैन, सचिव तुलसी सिंगला, पवन गर्ग चेयरमैन एसडी इंटरनेशनल स्कूल, प्रमोद कुमार बंसल प्रधान एसडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, विनोद कुमार गुप्ता चेयरमैन एमएएसडी पब्लिक स्कूल, उमेश कुमार अग्रवाल चेयरमैन एपिट इंडिया, आकाश गर्ग एसडी इंस्टिट्यूट ऑफ़ मेडिकल साइंसस, अभय सिंगला वाइस चेयरमैन एसडीवीएम सिटी, श्रीकृष्ण अग्रवाल ऑडिटर, नरेश सिंगला मेम्बर, अश्वनी गोयल, साहिल गुप्ता और डॉ. जयश्री गर्ग, प्राचार्य एसडीवीएम सिटी ने कार्यक्रम में बतौर गेस्ट ऑफ़ ऑनर शिरकत की। जबकि एसडी पीजी कॉलेज प्रबंधकारिणी के प्रधान दिनेश गोयल, उपप्रधान राजीव गर्ग, महासचिव महेंदर अग्रवाल, कोषाध्यक्ष विशाल गोयल, प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा ने मेहमानों का स्वागत पुष्प-रोपित गमलों के साथ किया। जकि कार्यक्रम के संयोजक की भूमिका और वनस्पति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ रवि रघुवंशी, जीवशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. प्रियंका चंदना एवं डॉ. राहुल जैन ने निभाई।

### युवाओं को दें आगे बढ़ने को मौका




वहीं, वसंतोत्सव पुष्प प्रदर्शिनी' में हरियाणा प्रदेश के स्कूल, कॉलेज, संस्थान, नर्सरियों के माली और आमजन भाग ले रहे है। इधर, मुख्यतिथि रोशन लाल मित्तल ने अपने उद्घाटन भाषण में कहा कि वसंत का उत्सव अनंत आशा और उर्जा का प्रतीक है। वहीं, उन्होंने युवाओं के केंद्र बना कर कहा कि अभिभावको और शिक्षण संस्थानों को अपने कोमल युवाओं का ध्यान मालियों की तरह रखना चाहिए और इन्हें सही मार्ग दिखाकर फूलों की तरह खिलने का भरपूर मौका देना चाहिए। अगर हम ऐसा नहीं करेंगे तो देश के युवा कर्णधार खिलने से पहले ही मुरझा जाएंगे। फूल प्रकृति की सबसे प्यारी देन हैं। वहीं, फूल, इंसान के मनोभाव पर बहुत ही गहरा प्रभाव डालते हैं। वहीं, मानव जीवन में फूलों की भूमिका भावनाओं के वाहक के रूप में है। प्यार, खुशी, कृतज्ञता या दुःख की अलग-अलग भावनाओं को व्यक्त करने के लिए फूल हमारी मदद करते है।

# हिंदू सम्मेलन होगा ऐतिहासिक

## महिला श्रद्धालु शहर में भव्य कलश यात्रा निकालेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत


सनातन संस्कृति का जयकारा लगाते हुए हिंदू सम्मेलन के संयोजक आदि।

पानीपत के हुडा सेक्टर 17 स्थित कम्युनिस्ट सेंटर में 22 फरवरी को विराट हिंदू सम्मेलन होगा। वहीं, सम्मेलन को लेकर बैठक हुई। बैठक में हिंदू सम्मेलन के संयोजक श्रीराम दशहरा कमेटी के प्रधान भीम सचदेवा, सह संयोजक श्यामलाल गर्ग, पंडित महेंद्र दत्त को बनाया गया।

हिंदू सम्मेलन में महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकाली जाएगी। कार्यक्रम में कई सामाजिक चेतना के सांस्कृतिक कार्यक्रम भी किए जाएंगे। बैठक में भीम सचदेवा, हरीश अरोड़ा, रामेश्वरम दास कल्याण, बीबी शर्मा, विनोद सैनी, सुरेंद्र परुथी, प्रेम कंसल, विपिन बजाज, राममेहर कौशिक, राकेश भार्गव, हरबंस आनंद, सुनील ग्रोवर, महेंद्र दत्त, ललित नागपाल, श्याम लाल गर्ग, बृजपाल रावल, लोकेश झांब समेत सनातन प्रेमी उपस्थित रहे।

### घर से 22 लाख की नगदी व जेवर चोरी

**पानीपत।** पानीपत के विजय नगर में किराये के घर में निवास कर रहे सन्नी के घर से चोरों ने करीब तेरह लाख रूपये कीमत के जेवर, चार लाख रूपये कीमत की विदेशी करेंसी समेत करीब बाइस लाख रूपये कीमत का सामान आदि चोरी कर लिया। घटना के समय सन्नी अपनी नानी की मौत पर शोक व्यक्त करने के लिए परिवार के साथ बिहार की राजधानी पटना गया था। इधर, सन्नी ने बताया कि उसका टूर एंड ट्रैवलर्स का कार्य है। इसके चलते वह पर्यटनों को देने के लिए विभिन्न देशों की विदेशी मुद्रा घर पर रखता है। वहीं उसका दावा है कि चोरी की इस घटना से उनका करीब 22 लाख रूपये का नुकसान हुआ है। इधर, थाना किला पुलिस व एफएसएल की टीम ने घटनास्थल को जांचा और चोरी की इस वारदात की जांच शुरू कर दी है।

# कातिलाना हमलावर को सुनाई सात साल की कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

जिला एवं सत्र न्यायधीश सुदेश कुमार शर्मा की अदालत ने जिला पानीपत के गांव डाडौला निवासी बिजेंद्र पर चाकू से प्रहार कर जान लेवा हमला करने के दोषी इसी गांव के निवासी संदीप पुत्र धर्मवीर को सात साल के कठोर कारावास की सजा दी। जबकि संदीप पर तीस हजार रूपये का जुर्माना नहीं किया, नहीं देने पर संदीप को एक साल का अतिरिक्त कारावास भोगना होगा। स्मरणीय है कि चार जुलाई सन्-2023 को शराब की खरीद के लिए रूपये नहीं देने पर संदीप ने दुकानदार बिजेंद्र पर हमला कर उसे घायल किया था। इधर, घायल बिजेंद्र के पुत्र राहुल की शिकायत पर थाना हुडा सेक्टर 29 थाना पुलिस ने संदीप पर केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया था।

### मादक पदार्थ तस्कर पकड़ा

**समालखा।** पानीपत पुलिस की एंटी नारकोटिक्स सेल टीम ने मनाना फ्लाई ओवर अंडर पास के नजदीक से 220 ग्राम चरस के साथ मनीष पुत्र बलबीर निवासी गांव सुताना जिला पानीपत को गिरफ्तार किया है। वहीं, सेल के थानेदार सुभाष ने बताया कि मनीष मादक पदार्थ की खरीद यूपी के शामली से कर के लाया था। वहीं, मनीष पर थाना समालखा में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज करवा कर उसके साथियों को पकडने के लिए उसे कोर्ट में पेश कर एक दिन के रिमांड पर लिया है।

# समाज पर कलंक है बाल विवाह

- कम उम्र में जिम्मेदारियों का बोझ उठाने को मजबूर होती हैं बच्चियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत


पानीपत। बाल विवाह मुक्ति रथ को रवाना करते हुए केदार दत्त कौशिक आदि।

जिला बाल कल्याण समिति चेयरपर्सन केदार दत्त कौशिक ने कहा कि बाल विवाह एक गंभीर सामाजिक बुराई है, जो बच्चों के शारीरिक, मानसिक और शैक्षणिक विकास को गहरी क्षति पहुंचाती है। यह न केवल बच्चों के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है, बल्कि समाज के स्वस्थ और सशक्त भविष्य में भी बाधक है। कौशिक जस्ट राइटस फार चिल्ड्रन संगठन की सहयोगी संस्था एमडीडी ऑफ इंडिया द्वारा चलाए जा रहे बाल विवाह मुक्ति रथ के दौरान संबोधन कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बाल विवाह दंडनीय अपराध है। वहीं, जागरूकता के अभाव, सामाजिक दबाव और कुप्रथाओं के कारण यह कृत्य आज भी कहीं-कहीं देखने को मिलता है। बाल विवाह से बालिकाओं का स्वास्थ्य प्रभावित होता है, शिक्षा बाधित होती है और वे कम उम्र में जिम्मेदारियों के बोझ तले दब जाती हैं। समाज का प्रत्येक नागरिक, अभिभावक और संस्था का दायित्व है कि वे बाल विवाह का विरोध करें, बच्चों को शिक्षा और सुरक्षित वातावरण प्रदान करें तथा कानून के पालन में सहयोग करें।

# जल संरक्षण को जन-आंदोलन बनाएंः डॉ वीरेंद्र

- यमुना क्षेत्र के ब्लॉकों में भू-जल संरक्षण कार्यों पर जोर
- ग्राउंड वाटर सुधार जिला प्रशासन का प्रमुख लक्ष्य
- सभी विभागों को आपसी समन्वय से कार्य करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। जल संरक्षण को लेकर बैठक करते अधिकारी व वैज्ञानिक।

भू-जल स्तर के सुधार व जल संकट को देखते हुए जल संरक्षण की दिशा में मंगलवार को राष्ट्रीय जलभृत मानचित्रण (नाक्विम) एवं जल शक्ति जन भागीदारी (जेजेएसबी 2.0) ने जिला सचिवालय में उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया की अध्यक्षता में बैठक हुई। वहीं, डॉ दहिया ने कहा कि हमारा लक्ष्य ग्राउंड वाटर को इम्प्रूव करना है।

यमुना क्षेत्र के अंतर्गत जो ब्लॉक है वहां भू-जल पर कार्य किए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय जलभृत मानचित्रण और जल शक्ति जन भागीदारी जैसे वैज्ञानिक एवं सहभागिता आधारित कार्यक्रमों के माध्यम से ही हम भू-जल संकट का स्थायी समाधान कर सकते हैं। सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें और जल संरक्षण को जन-आंदोलन का रूप दें।

बैठक में विद्यानंद नेगी, वैज्ञानिक 'डी', आयुष केशरवानी, वैज्ञानिक 'बी', कुलदीप गोपाल भर्तरिया एवं जल शक्ति जन भागीदारी योजना के तकनीकी विशेषज्ञों द्वारा राष्ट्रीय जलभृत मानचित्रण के निष्कर्षों, जिला भू-जल पुनर्भरण योजना तथा भास्कराचार्य अनुप्रयुक्त भू-सूचना विज्ञान संस्थान (बिसैग) द्वारा तैयार ग्राम-स्तरीय भू-जल पुनर्भरण योजनाओं पर विस्तृत प्रस्तुति दी गई।


पानीपत। श्री चित्रकूट धाम श्रीराम मंदिर में मूर्तियों के प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ में पूजन

## श्री चित्रकूट धाम श्रीराम मंदिर में किया मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा पूजन

**पानीपत।** पानीपत की अशोक विहार कालोनी के श्री राम चौक कुटानी रोड स्थित श्री चित्रकूट धाम श्रीराम मंदिर में ज्योतिषाचार्य पंडित देव नारायण उपाध्याय ने बताया कि श्री राम दरबार, श्री राधा कृष्ण, श्री शिव परिवार, श्री दुर्गा जी व श्री हनुमान जी महाराज की मूर्तियों के प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के द्वितीय दिवस में घृत अधिवास तथा मिष्ठाना अधिवास का आयोजन हुआ। उन्होंने कहा कि सत्य व धर्म के मार्ग पर चलने से ही इंसान को सुख व शांति मिलती है। इसके मद्देनजर हर नागरिक को जीवन में सत्य की राह पर चलते हुए धर्म का पालन करना चाहिए। वहीं, महायज्ञ में यजमान अश्वनी मृदुल जिंदल, रशिका परवीन गर्ग रहे। जबकि संजय गर्ग, ऊषा रानी, शिवविलास तिवारी, शिवशरण मिश्रा, हरिमोहन गौतम, राजकुमार शास्त्री, वीरेंद्र कुमार शास्त्री समेत बडी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# आर्य कॉलेज ने युवा महोत्सव में लहराया परचम

## युवा उत्सव में कुवि का प्रतिनिधित्व कर आर्य कॉलेज बना उपविजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत


पानीपत। आर्य कॉलेज के विजेता विद्यार्थी प्रसन्न मुद्रा में।

आर्य पीजी कॉलेज के विद्यार्थियों ने 3 से 7 फरवरी को महर्षि मारकंडेश्वर यूनिवर्सिटी मौलाना, अंबाला में आयोजित 39वें नॉर्थ-सेंट्रल जोन यूथ फेस्टिवल में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए दो विधाओं में ओवर ऑल ट्रॉफी व दो विधाओं में द्वितीय स्थान हासिल कर युवा महोत्सव में उपविजेता का खिताब अपने नाम किया।

वहीं, कॉलेज के प्राचार्य डॉ जगदीश गुप्ता ने सभी विजेता प्रतिभागियों का कॉलेज प्रांगण में पहुंचने पर स्वागत किया और उन्हें उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया। उन्होंने कॉलेज सांस्कृतिक कार्यकर्मों के निदेशक डॉ. रामनिवास व सांस्कृतिक कार्यकर्मों की प्रभारी डॉ. नीलू खालसा, डॉ. विजय सिंह, प्राध्यापक अकरम खान, प्राध्यापिका दीक्षा नंदा सहित अन्य स्टाफ सदस्यों को बधाई दी। उन्होंने बताया कि युवा महोत्सव में नृत्य और और थिएटर की विधा में ओवरऑल ट्रॉफी व लिटरेरी और म्यूजिक की विधा में फर्स्ट रनरअप बन कर ओवर ऑल दूसरा स्थान हासिल किया।

# नशा तस्करी में दो पकड़े

- दोनों आरोपियों पर थाना सेक्टर 13/17 में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

सीआईए वन पुलिस टीम ने बबैल रोड गढ़ सरनाई चौक पर बाइक सवार दो नशा तस्करों रियान पुत्र नसीम व पीछे बैठ युवक ने अपनी पहचान शाहरुख पुत्र यामिन निवासी गांव मुण्डोगढी जिला करनाल को 2 किलो 518 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया। थानेदार फूल कुमार ने बताया कि दोनों आरोपियों पर थाना सेक्टर 13/17 में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया गया। वहीं, इस केस से जुडे अन्य लोगों को पकडने के लिए दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर तीन दिन के रिमांड पर लिया गया है।

### कातिलाना हमलावर किया गिरफ्तार

**पानीपत।** थाना पुराना औद्योगिक पुलिस ने गांव काबड़ी में सत्यपाल पर चाकू से जानलेवा हमला करने के तीसरे आरोपी जिला कैथल के फतेहपुर पूंडरी गांव निवासी श्याम उर्फ सुमित को गिरफ्तार किया है। थाना पुराना औद्योगिक के थानेदार देवेंद्र ने बताया कि इस मामले में संदीप निवासी गांव काबडी की शिकायत पर के दर्ज है।

# दया व दान का संदेश देता है सनातन

## डॉ नवीन नैन ने देवी चित्रलेखा का किया अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा


समालखा। देवी चित्रलेखा का अभिनंदन करते हुए अंतर्राष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद के डॉ नवीन नैन भालसी।

श्री शाम बाबा सेवा मंडल द्वारा नई अनाज मंडी में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन मंगलवार को देवी चित्रलेखा ने कहा कि हमें उत्साहपूर्वक भक्ति करनी चाहिए। यदि आप उत्साही और धैर्यवान हैं और अब जब आपने भक्तिमार्ग को अपना लिया है तो सफलता निश्चित ही है।

वहीं, देवी चित्रलेखा ने गजेंद्र मोक्ष की कथा सुनाते हुए बताया कि किसी भी योनि का जीव भगवान को प्राप्त कर सकता है। इस प्रकार भगवान को प्राप्त करने के लिए जीव योनि का कोई महत्त्व नहीं। देवी चित्रलेखा ने वामन अवतार की भी कथा सुनाई। इधर, अंतर्राष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन डॉ नवीन नैन भालसी ने देवी चित्रलेखा का अभिनंदन कर उनसे आशीर्वाद लिया। वहीं डॉ नैन ने कहा कि श्री सनातन धर्म पूरी दुनिया को सद्भावना, दया, दान का संदेश देता है। इसके मद्देनजर सनातन की राह पर चलने से ही विश्व का कल्याण होगा।

## बच्चों, शिक्षकों, पूर्व सैनिकों को लंच करवाया

# विधायक ने बच्चों के प्रति अपना स्नेह जताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा


समालखा। विधायक मनमोहन के निमंत्रण पर लंच करने पहुंचे विद्यार्थी व शिक्षक।

समालखा विधायक मनमोहन भड़ाना ने गांव नारायणा के राजकीय व निजी स्कूलों के विद्यार्थियों, इनके शिक्षकों, गांव की पंचायत के सभी सदस्य व पूर्व सैनिकों के प्रति अपने स्नेह व सम्मान का अनोखा उदाहरण पेश करते हुए सुप्रसिद्ध होटल में दोपहर भोज करवाया।

स्मरणीय है कि विधायक भड़ाना 26 जनवरी को गांव नारायणा में आयोजित गणतंत्र समारोह में ध्वजारोहण किया था। वहां विद्यार्थियों की देशभक्ति से विधायक प्रभावित हुए और उन्होंने सभी विद्यार्थियों के साथ भोजन करने का वादा किया।

### बच्चों से रहा हमेशा स्नेह

भडाना ने अपना वादा निभाते हुए समालखा के प्रसिद्ध होटल में गांव नारायणा के रकबे में स्थित छह स्कूलों के विद्यार्थियों, शिक्षकों, पंचायत सदस्यों और पूर्व सैनिकों को लंच करवाया। हालांकि विधायक मनमोहन कामकाज की व्यस्ता के चलते लंच में शामिल नहीं हो पाए। जबकि विद्यार्थियों व शिक्षकों का भडाना के निजी सचिव शारिक और दीपक भारद्वाज ने स्वागत किया। शारिक ने बताया कि विधायक मनमोहन नहीं बल्कि पूरे भडाना परिवार का बच्चों से हमेशा से ही विशेष स्नेह रहा है।

## खबर संक्षेप

### लूट के मामले में मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना महेशनगर में दर्ज लूट के मामले में सीआईए-2 ने मिर्ची पाउडर डालकर चाकू से घायल करके लूट की वारदात को अंजाम देने वाले मुख्य आरोपी को काबू कर लिया है। निर्मल विहार के संजीव ने 12 मई 2025 को शिकायत दर्ज करवाई कि 11 मई 2025 को प्रीत नगर कॉलोनी के पास आरोपियों ने उस पर मिर्ची पाउडर डाला और चाकू मार कर उससे लगभग 4 लाख रूपये लूट कर फरार हो गए है। सीआईए-2 पुलिस ने मामले की गम्भीरता को देखते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर उसे एक दिन के रिमांड पर लिया है। आरोपी की पहचान शुभम के रूप में हुई है।

### धोखाधड़ी करने का आरोपी रिमांड पर

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर पुलिस ने धोखाधड़ी के मामले में विदेश भेजने के नाम पर लाखों रूपये हड़पने वाले आरोपी को नई मुंबई से गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान मंजीत सिंह के रूप में हुई है। अंबाला शहर के रहने वाले सुलतान सिंह की शिकायत पर पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि आरोपी ने विदेश भेजने का झांसा देकर उससे 5 लाख रूपये की राशि हड़प ली, न तो उसे विदेश भेजा और न ही उसके पैसे वापिस किए। पुलिस ने साक्ष्यों के आधार पर आरोपी को काबू किया है।

### मारने की धमकी देने वाले दो आरोपी पकड़े

**अंबाला।** थाना बलदेव नगर पुलिस ने एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। सामान के पैसे मांगने पर फोन के माध्यम से जान से मारने की धमकी देने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। 9 फरवरी 2026 को पुलिस टीम ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए मामले में संलिप्त आरोपी राहुल और शुभम को गिरफ्तार किया । दोनों आरोपी जिला फरीदकोट (पंजाब) के रहने वाले बताए जा रहे हैं। परिवादी गुरप्रीत सिंह ने 29 दिसंबर 2025 को शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के अनुसार, आरोपियों ने उससे सामान लिया था लेकिन उसके पैसे नहीं चुकाए थे। जब गुरप्रीत सिंह ने अपने पैसों की मांग की, तो आरोपियों ने फोन पर जान से मारने की धमकी दी। इस शिकायत पर पुलिस ने तुरंत मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

### दीपक राणा महासचिव इंचार्ज नियुक्त किए

**शहजादपुर।** कांग्रेस पार्टी ने संगठन में विस्तार करते हुए दीपक राणा को महासचिव इंचार्ज (अंबाला) नियुक्त किया है। पार्टी हाईकमान के इस फैसले से कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। राणा ने कांग्रेस हाईकमान सहित प्रदेश के दिग्गज नेताओं प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष चौधरी रामकिशन गुज्जर, सांसद वरूण चौधरी, विधायक शैली चौधरी, जिला अध्यक्ष अंबाला ग्रामीण दुष्यंत चौहान का आभार व्यक्त किया। कहा कि पार्टी नेतृत्व ने उन पर जो भरोसा जताया है, वे उस पर पूरी ईमानदारी से खरा उतरेंगे। नवनियुक्त महासचिव ने कहा कि पार्टी ने उसे जो जिम्मेदारी दी है ईमानदारी से वे उसे पूरा करने का प्रयास करेंगे।

## अनिल विज बोले: हम विकास पर केंद्रित, ग्रामीण क्षेत्रों का होगा कायाकल्प

# अंबाला छावनी के नौ गांवों में विकास की बयार, 5 करोड़ की 56 विकास योजनाएं मंजूर

विकास कार्य होने से चमकेगी गांवों की तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला


मंत्री अनिल विज

अंबाला छावनी विधानसभा के सभी नौ गांवों में करोड़ों रुपये की लागत से विकास कार्यों की बयार बहेगी। राज्य सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में विकास के विभिन्न कार्यों एवं सौंदर्यीकरण कार्यों के लिए पांच करोड़ रुपये राशि की स्वीकृति प्रदान कर दी है। मंत्री अनिल विज ने बताया कि विकास कार्यों को कराने के लिए पंचायती राज विभाग द्वारा रूपरेखा तैयार कर ली गई है और अब राशि स्वीकृत होने पर बहुत जल्द इन कार्यों प्रारंभ कराया जाएगा ताकि जनता को इनका सीधा लाभ मिल सके। उन्होंने बताया कि पांच करोड़ रुपए की राशि से छावनी विधानसभा के सभी नौ गांवों में स्ट्रीट लाइट, पक्के नाले व नालियां, विभिन्न सड़कों, धर्मशालाओं, आरसीसी बेंच, गलियों का निर्माण, अलग-अलग गांवों में तालाब किनारे रिटेनिंग वॉल, शेड, शमशानघाटों में पक्के फ्लोर, धर्मशालाओं व कम्यूनिटी हॉल में सुधार व निर्माण, गऊ घाट व आंगनवाड़ी का निर्माण तथा अलग-अलग स्थानों पर सौंदर्यकरण सहित अन्य विकास कार्य शामिल है। स्वीकृत राशि से गांव पंजोखरा सबसे ज्यादा 25 अलग-अलग विकास कार्य होंगे। विज ने बताया कि ग्रामीण अंचलों में विकास कार्य करवाने के वह कृत संकल्प है और इससे पहले भी ग्रामीण क्षेत्रों में करोड़ों रुपए की लागत से विकास कार्यों को करवाया गया है जिसका जनता को लाभ मिल रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि नए कार्यों के होने से जनता की सुविधाओं में और इजाफा होगा। उन्होंने बताया कि विधानसभा के गांव गरनाला, पंजोखरा साहिब, टुंडली, खतौली, जनेतपुर, बरनाला, ब्राह्मण माजरा, धनकौर व बाड़ा गांव में 55 से ज्यादा विकास कार्यों को कराने के लिए पांच करोड़ रुपए की राशि जारी हुई है।

## इन गांवों के लिए मिली मंजूरी

### गांव पंजोखरा साहिब

पंजोखरा साहिब में 79 लाख रुपए की लागत से फिरनी के साथ नाले का निर्माण, 4.50 लाख रुपए की लागत से नारायणगढ़ रोड के निकट पक्की सड़क, 10 लाख रुपए की लागत से कुटिया के निकट पक्की सड़क, 14.26 लाख रुपए की लागत से कश्यप धर्मशाला का निर्माण, 2.62 लाख रुपए की लागत से कुटिया से अमर सिंह के घर तक पक्की सड़क, 12.87 लाख रुपए की लागत से कुलवंत सिंह की दुकान से सीताराम के निवास तक पक्की गली का निर्माण, 5 लाख की लागत से तोपखाना रोड से नाली व गली का निर्माण, 5.69 लाख रुपए की लागत से जड़ौत रोड से रिंग रोड तक पक्का रास्ता, 3.41 लाख रुपए की लागत से शमशेर सिंह के निवास से सुरेंद्र सिंह निवास तक जड़ौत रोड तक पक्का रास्ते का निर्माण होगा। इसी तरह 1.71 लाख रुपए की लागत से ट्यूबवेल से सुरेंद्र सिंह निवासी तक पक्की सड़क, 2.30 लाख रुपए की लागत से खतौली रोड से मामचंद निवास तक पक्का रास्ता, 3.55 लाख रुपए की लागत से पंजोखरा साहिब से खतौली रोड किनारे टाइलें लगाई जाएंगी। इसी प्रकार गांव पंजोखरा साहिब में 5.78 लाख रुपए की लागत से लोगों के बैठने के लिए विभिन्न स्थानों पर 100 आरसीसी बेंच लगाए जाएंगे।इसी प्रकार 4.98 लाख रुपए की लागत से जनरल श्मशान घाट में फ्लोरिंग तथा 12.40 लाख रुपए की लागत से एजेंल स्कूल के निकट रोड किनारे पक्के नाले का निर्माण होगा।

### गांव जनेतपुर

14.26 लाख रुपए की लागत से जनरल चौपाल का निर्माण होगा, 89 हजार की लागत से कब्रिस्तान की दीवार बनेगी, 14.15 लाख रुपए की लागत से आंगनवाड़ी बनेगी, 1.25 लाख की लागत से इंटरलाकिंग रोड बनेगी, रामपाल निवास से गुरदीप सिंह निवास तक 1.56 लाख की लागत से गली बनेगी जबकि 31.15 लाख रुपए की लागत से तालाब की रेनोवेशन की जाएगी। गांव बरनाला में 11.26 लाख रुपए की लागत से श्मशान घाट के गेट व शेड का निर्माण होगा, 4.83 लाख रुपए की लागत से कम्यूनिटी हाल व लंगर हाल में निर्माण कार्य होगा, 9.76 लाख की लागत से वाल्मीकि मंदिर के निकट शेड का निर्माण होगा, 1.73 लाख की लागत से रोड व आरसीसी बेंच गुगा माडी के निकट लगाए जाएंगे जबकि 24.03 लाख रुपए की लागत से राजा गार्डन कालोनी में ड्रेन व नाले का निर्माण होगा।

### गांव ब्राह्मण माजरा

1.81 लाख की लागत से पक्के रास्ते का निर्माण होगा। इसी तरह 9.64 लाख की लागत से कश्यप चौपाल रोड के निकट सौंदर्यकरण का कार्य होगा। गांव धनकौर में 4 लाख रुपए की लागत से कम्युनिटी हॉल की फ्लोरिंग पेंटिंग व बाउंड्री वॉल का निर्माण होगा तथा 46.26 लाख रुपए की लागत से तालाब किनारे रिटेनिंग वॉल का निर्माण तथा तालाब की रेनोवेशन होगी।

### गांव बाडा

25 लाख रुपए की लागत से पार्क के निकट कम्यूनिटी सेंटर का निर्माण होगा, इसी तरह 15 लाख रुपए की लागत से अंबेडकर भवन के निकट रिटेनिंग वॉल व सौंदर्यकरण का कार्य होगा, 15 लाख रुपए की ही लागत से एएचडब्ल्यूसी के नए कमरों का निर्माण होगा। 11.95 लाख रुपए की लागत से बाडा से धुराली रोड पर रोड निर्माण व सौंदर्यकरण का कार्य होगा। इसी तरह 5.99 लाख की लागत से हरैन बस्ती के निकट रोड का निर्माण, 6.50 लाख की लागत से पंचायती तालाब के निकट गऊ घाट का निर्माण, 11.97 लाख की लागत से बाडा से ठरवा तक रोड निर्माण व सौंदर्यकरण का कार्य किया जाएगा जबकि 14 लाख रुपए की लागत से नए आंगनवाड़ी सेंटर तथा 20 लाख रुपए की लागत से हरिजन बस्ती से हरनेक सिंह के खेत तक नाले का निर्माण किया जाएगा।

## कपड़ा मार्केट में 55 लाख से सड़क का निर्माण कार्य प्रारंभ

***व्यापारियों और आम नागरिकों को बड़ी राहत मिलेगी,दुकानदारों ने पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल का जताया आभार***

■ अंबाला शहर आने वाले समय में विकास का एक मजबूत मॉडल बनकर उभरेगा

**अंबाला।** अंबाला शहर लगातार विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के दूरदर्शी नेतृत्व और पूर्व परिवहन मंत्री असीम गोयल के निरंतर प्रयासों से शहर में बुनियादी सुविधाओं को सशक्त किया जा रहा है। इसी कड़ी में अंबाला शहर की कपड़ा मार्केट को नई सड़क की सौगात दी गई। करीब 55 लाख रुपये की लागत से शुक्ल कुंड रोड का निर्माण किया जाएगा जिससे क्षेत्र के व्यापारियों और आम नागरिकों को बड़ी राहत मिलेगी। यह सड़क आरएमसी से बनाई जाएगी जिससे इसकी गुणवत्ता और मजबूती लंबे समय तक बनी रहेगी। सड़क निर्माण कार्य की शुरुआत आज विधिवत रूप से की गई। इस अवसर पर भाजपा नेता रितेश गोयल, कपड़ा मार्केट के दुकानदार और क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे। कपड़ा मार्केट के दुकानदारों ने कहा कि लंबे समय से सड़क की खराब हालत के कारण उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। उन्होंने इस मांग को गंभीरता से लेने और शीघ्र समाधान कराने के लिए पूर्व मंत्री असीम गोयल का आभार व्यक्त किया। दुकानदारों ने कहा कि यह सड़क न केवल व्यापार को गति देगी, बल्कि आम जनता के लिए भी आवागमन को सुगम बनाएगी। स्थानीय लोगों ने विश्वास जताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और असीम गोयल के नेतृत्व में अंबाला शहर आने वाले समय में विकास का एक मजबूत मॉडल बनकर उभरेगा।

# प्रदेश में नफरत और विभाजन की राजनीति हावीः सिंह

■ सद्भाव यात्रा ने कस्बे में किया प्रवेश, पगड़ी पहनाकर अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलाना



पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह की सद्भभाव यात्रा मंगलवार को यहां पहुंची। बृजेंद्र सिंह की यह यात्रा 49वें हल्के में प्रवेश कर गई । यात्रा का कांग्रेस कार्यकर्ताओं, स्थानीय नेताओं और आम लोगों ने फूल-मालाओं और नारों के साथ जोरदार स्वागत किया। सद्भभाव यात्रा का शुभारंभ माता बाला सुंदरी मंदिर में माथा टेकने के उपरांत हुआ। यह यात्रा माता बाला सुंदरी मंदिर से शुरू होकर शहीद भगत सिंह चौक, मुलाना बाजार से होती हुई सर छोटूराम चौक पर पहुंची जहां उन्होंने सर छोटू राम की प्रतिमा पर माल्यापर्ण किया। इसके बाद सद्भभाव यात्रा दोसडका होली चौक, बराड़ा ,मौजगढ़ से होती हुई सोहाना में संपन्न हुई। यहां आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते बृजेंद्र सिंह ने कहा कि सद्भभाव यात्रा का मकसद समाज को जोड़ना, भाईचारे को मजबूत करना और हर वर्ग को साथ लेकर चलना है। कहा कि प्रदेश में नफरत और विभाजन की राजनीति हावी करने की कोशिश की जा रही है। जनता अब ऐसी राजनीति को नकार रही है। उन्होंने सत्ताधारी पक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि जनता को झूठे वादों से नहीं, बल्कि विकास, रोजगार और सामाजिक न्याय से मतलब है। उन्होंने आगे कहा कि 49वें हल्के की जनता ने जिस तरह सद्भभाव यात्रा को समर्थन दिया है, उस से कांग्रेस पार्टी को मजबूती मिलेगी ।

### आएं या न आएं, अब फर्क नहीं पड़ता

स्थानीय विधायक व सांसद के यात्रा में शामिल न होने के सवाल पर चौधरी बृजेंद्र सिंह ने बेबाक अंदाज में कहा कि अब कोई मेरी यात्रा में आए या न आए, इससे मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता। मैं इससे बहुत आगे निकल चुका हूं। चुटकी लेते हुए कहा कि आप लोग पूछ रहे हैं कि वे शामिल क्यों नहीं हुए लेकिन जब वे शामिल होंगे तो यही सवाल होगा कि वे कैसे आ गए। यात्रा के दौरान चौधरी बृजेंद्र सिंह ने माता बाला सुंदरी मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर माथा टेका। मंदिर परिसर में दर्शन के दौरान उन्होंने मंदिर के इतिहास और धार्मिक महत्व को लेकर गहरी जिज्ञासा व्यक्त की। इस अवसर पर मंदिर के पुजारी और स्थानीय श्रद्धालुओं ने उन्हें माता बाला सुंदरी मंदिर की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, मान्यताओं और क्षेत्र में इसकी विशेष आस्था के बारे में विस्तार से जानकारी दी। धार्मिक स्थल पर उनकी मौजूदगी को सामाजिक और सांस्कृतिक जुड़ाव के संदेश के तौर पर देखा गया यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में लोग गुलाबी पगड़ियां पहनकर शामिल , जिसने पूरे आयोजन को अलग पहचान दी।



बराड़ा। प्रतियोगिता में विजेता रहे स्टूडेंट्स।

### अजय हाउस बना विजेता

**बराड़ा।** अकाल अकादमी होली में सामाजिक विज्ञान विभाग के मार्गदर्शन में डिस्कवरी प्रतियोगिता का आयोजन बड़े उत्साह और जोश के साथ किया गया। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में ज्ञान की खोज की भावना विकसित करना, तार्किक सोच को सुदृढ़ करना तथा स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना रहा। प्रतियोगिता में विद्यालय के विभिन्न हाउसों के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इसमें सामान्य ज्ञान, सामाजिक विज्ञान एवं खोज-आधारित प्रश्नों से जुड़े कई रोचक चरण शामिल किए गए। प्रतिभागियों ने उत्साह, आत्मविश्वास और सूझ-बूझ का शानदार प्रदर्शन किया। कड़ी और रोमांचक प्रतिस्पर्धा के बाद अभय हाउस ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते प्रथम स्थान प्राप्त किया। टीमवर्क और विषयों की गहरी समझ के कारण अजय हाउस विजेता बना। विद्यालय प्रशासन ने सामाजिक विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित प्रतियोगिता की सराहना करते शिक्षकों व विद्यार्थियों के प्रयासों की प्रशंसा की।

# ई-स्पोर्ट्स को अधिकारिक खेल का दर्जा दे केंद्र, ऑनलाइन गेमिंग के लिए भी नियामक ढांचा तैयार करने की मांग रखी

■ जीरो ऑवर्स में राज्यसभा में सांसद कार्तिकेय शर्मा ने उठाया मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला


राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा

राज्यसभा में जीरो ऑवर्स के दौरान सांसद कार्तिकेय शर्मा ने मंगलवार को सरकार से ई-स्पोर्ट्स को आधिकारिक खेल का दर्जा देने और ऑनलाइन गेमिंग के लिए एक व्यापक नियामक ढांचा तैयार करने की मांग की। उन्होंने कहा कि यह विषय केवल मनोरंजन से जुड़ा नहीं है, बल्कि युवा रोजगार, डिजिटल अर्थव्यवस्था और बच्चों की सुरक्षा से सीधे तौर पर जुड़ा हुआ है। इलेक्ट्रॉनिक गेमिंग को संभावनाओं और जोखिमों से भरा डिजिटल फ्रंटियर बताते हुए शर्मा ने कहा कि देश की ऑरेंज इकोनॉमी अब कोई हाशिए का क्षेत्र नहीं रही है। देश की क्रिएटिव इकोनॉमी का वर्तमान आकार लगभग 30 अरब अमेरिकी डॉलर है। यह देश की करीब 8 प्रतिशत कार्यशील आबादी को रोजग़ार प्रदान कर रही है। यह क्षेत्र सरकार के 1 ट्रिलियन डॉलर डिजिटल अर्थव्यवस्था के लक्ष्य का एक अहम आधार बन चुका है। उन्होंने बताया कि देश दुनिया का सबसे बड़ा गेमिंग ऑडियंस है। यहां 50 करोड़ से अधिक अमेच्योर गेमर्स और लाखों प्रोफेशनल खिलाड़ी मौजूद हैं। भारत का गेमिंग बाज़ार, जिसकी मौजूदा वैल्यू 3.7 अरब अमेरिकी डॉलर है। 2030 तक 10 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। इसके साथ ही एवीजीसी सेक्टर में 2030 तक लगभग 20 लाख कुशल पेशेवरों की आवश्यकता होगी। इन आंकड़ों का हवाला देते हुए शर्मा ने कहा कि इस तेजी से बढ़ते क्षेत्र को संरचित दिशा देने के लिए ई-स्पोर्ट्स को आधिकारिक खेल का दर्जा दिया जाना आवश्यक है। इससे प्रोफेशनल लीग्स, मान्यता प्राप्त प्रतियोगिताएं और संगठित प्रशिक्षण तंत्र विकसित होंगे। युवाओं के लिए वैध और सम्मानजनक करियर विकल्प तैयार होंगे। हालांकि, उन्होंने अनियंत्रित शौकिया ऑनलाइन गेमिंग से उत्पन्न हो रही गंभीर चुनौतियों पर भी कड़ा रुख अपनाया।

# सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करना जीवन की सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक : एएसआई

■ "सड़क सुरक्षा जागरूकता" विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा



बराड़ा। मुख्य वक्ता को सम्मानित करते हुए कॉलेज स्टाफ।

संत मोहन सिंह खालसा लबाना गर्ल्स कॉलेज में रोड सेफ़्टी क्लब द्वारा "सड़क सुरक्षा जागरूकता" विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की नोडल अधिकारी डॉ. नवनीत कौर रहीं। कार्यक्रम के शुभारंभ पर प्राचार्या डॉ. दलजीत कौर विर्क ने सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के उद्देश्य और उसके महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्राओं से अपील की कि वे स्वयं यातायात नियमों का पालन करें तथा अपने परिजनों व संबंधियों को भी नियमों के प्रति जागरूक करें। इस अवसर पर उन्होंने छात्राओं को यातायात नियमों के पालन का संकल्प भी दिलवाया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में एएसआई मान सिंह उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करना जीवन की सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है। हेलमेट व सीट बेल्ट पहनने, ट्रैफिक सिग्नल व स्पीड लिमिट का पालन करने, नशे की हालत में वाहन न चलाने, चलाते समय फोन का उपयोग न करें।

### डिस्कस थ्रो प्रतियोगिता में संजना अव्वल

**जुलाना।** जुलाना कस्बे के शहीद मेजर संजीव लाठर राजकीय कॉलेज में दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में प्राचार्य डॉ शमशेर सिंह ने शिरकत की। प्रतियोगिता में छात्र व छात्राओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। विजेता खिलाड़ियों को कॉलेज प्रशासन की ओर से सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में महिला वर्ग में डिस्कस थ्रो में संजना ने प्रथम, संतोषी ने द्वितीय तथा काजल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जैवलिन थ्रो में प्रिया प्रथम, काजल द्वितीय व संतोषी तृतीय रहीं। शॉटपुट स्पर्धा में काजल ने प्रथम, आरती ने द्वितीय तथा सोनिया ने तृतीय स्थान हासिल किया। 1500 मीटर दौड़ (महिला) में संजना प्रथम, जॉन्सी द्वितीय व आरती तृतीय रही। 800 मीटर दौड़ (महिला) में भी संजना ने प्रथम, जॉन्सी ने द्वितीय तथा आरती ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पुरुष वर्ग में शॉटपुट में विशाल प्रथम, विनय द्वितीय व अमय तृतीय रहे। डिस्कस थ्रो में विशाल ने प्रथम, मनदीप ने द्वितीय तथा ईशांत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## गुदगुदी जंक्शन समूह ने किया कार्यक्रम अंदाज-ए-जगजीत में गजलकारों ने जमाया रंग

# जगजीत सिंह का नाम लोकप्रिय गजल गायकों में शुमारः सीमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला


अंबाला। कार्यक्रम के दौरान मौजूद मशहूर गजलकार।

गुदगुदी जंक्शन समूह द्वारा अंबाला छावनी के एसडी कॉलेज के सेमिनार हॉल में सांय गजल कार्यक्रम अंदाज-ए-जगजीत आयोजित किया गया। कार्यालय प्रभारी मंदीप शर्मा ने बताया कि गजल सम्राट स्वर्गीय जगजीत सिंह के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में करवाए गए भव्य गजल कार्यक्रम में कई मौजिज हस्तियों के अलावा अन्य शहरों से भी गजलों के शौकीनों ने शिरकत की। कार्यक्रम के शुरू से अंत तक सभी श्रोताओं ने गजलों का लुत्फ लिया। कुरुक्षेत्र से संरक्षक जितेंद्र बंसल की सरपरस्ती में अध्यक्ष चंद्रमौलि गौड सहित अंबाला छावनी प्रभारी राकेश आहुजा, वरिष्ठ पदाधिकारी डॉ. संजय गौतम, सुरेंद्र धीमान और इंद्र परूथी ने मुख्यातिथि एसडी कॉलेज की प्राचार्या डॉ. अलका शर्मा, अति विशिष्ट अतिथि मशहूर शायर नफस अंबालवी और विशिष्ट अतिथि प्रसिद्ध उद्यमी सीमा सागर को गुलदस्ता देकर स्वागत किया। तत्पश्चात सभी अतिथियों ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना करके दीप प्रज्ज्वलित किया। गौड़ ने सभी अतिथियों का परिचय देकर गुदगुदी जंक्शन समूह द्वारा लगातार 6 वर्षों से विभिन्न नगरों में करवाए जा रहे कार्यक्रमों का विवरण दिया। मंच संचालक राकेश आहुजा ने सभी गजलकारों की खूबियां बताई।

### होठो से छू लो तुम मेरा गीता अमर कर दो.....

कार्यक्रम में 7 गजलकारों ने जगजीत सिंह की दिलकश गजलों का गुलदस्ता पेश किया जिनमें सुरेंद्र धीमान ने झुकी झुकी सी नजर..., इंद्र परूथी ने होठो से छू लो तुम मेरा गीता अमर कर दो..., सीमा सागर ने गम का खजाना तेरा भी है, मेरा भी..., राकेश आहुजा ने तेरे आने की जब खबर महके ..., अरूण थापर ने ₹तुम इतना जो मुस्करा रहे हो ₹... और विजय थापर ने ₹होश वालो को खबर क्या बेखुदी क्या चीज है ₹... सुनाकर समां बांधा। श्रोताओं की फरमाइश पर सीमा सागर, राकेश आहूजा और इंद्र परुथी ने अन्य गजलें भी सुनाई जिन्हें सुनकर गजलों के शौकीन वाह वाह कर उठे। नफस अंबालवी ने एक शेर अर्ज करते कहा कि ₹मिले किसी से नजर तो समझो गजल हुई, रहे न अपनी खबर तो समझो गजल हुई। सीमा सागर ने कहा कि जगजीत सिंह का नाम बेहद लोकप्रिय गजल गायकों में शुमार हैं। उनका संगीत अंत्यंत मधुर है। उनकी आवाज़ संगीत के साथ खूबसूरती से घुल-मिल जाती है। खालिस उर्दू जानने वालों की मिल्कियत समझी जाने वाली, नवाबों-रक्कासाओं की दुनिया में झनकती और शायरों की महफ़िलों में वाह-वाह की दाद पर इतराती ग़ज़लों को आम आदमी तक पहुंचाने का श्रेय अगर किसी को पहले पहल दिया जाना हो तो जगजीत सिंह का ही नाम ज़ुबां पर आता है।